56

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा/2026/471 दिनांक: 27/10/26

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक सेमेस्टर परीक्षा–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत आयोजित होने वाली स्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु अधिनियम –199 G1 से G21 (Notification No. 35 एवं 38) के अन्तर्गत तथा स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक सेमेस्टर पद्धति के शैक्षणिक सत्र 2026–27 में राजस्थान विश्वविद्यालय के विभाग, संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियिमत (Regular) एवं स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org एवं https://erp.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है:–

क्र. सं.	पाठ्यक्रम	सामान्य शुल्क से तिथि
1	Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce/ B.SC. Bio-Tech./ B.Sc. Home Scince/ Bachelor of Computer Application/ Bachelor of Business Administration/ Bachelor of Performing Arts/ Bachelor of Visual Arts (B.A., B.Sc., B.Com., B.Sc. Bio-Tech., B.Sc. Home Science, B.C.A., B.B.A., B.P.A. and B.V.A) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित (Regular) परीक्षार्थी	29.10.2026 से 17.11.2026
2	Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce (B.A., B.Sc., B.Com.) प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छठे सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थी	
3	स्नातकोत्तर नियमित तृतीय सेमेस्टर तथा स्वयंपाठी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर	
4	बी.ए. एलएल.बी. प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवम् सेमेस्टर	

नोट: 1. **विश्वविद्यालय की शेष परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु शीघ्र ही पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी।**
2. **सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।**
3. **परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।**

सामान्य निर्देश

1. विश्वविद्यालय के समस्त नव प्रवेशित पाठ्यक्रमों में नियमित विद्यार्थियों का CSV File के माध्यम से ही आवेदन होगा। अतः महाविद्यालय/विभाग यह सुनिश्चित करें कि नियमानुसार योग्य परीक्षार्थियों की ही CSV File Upload करें।
2. **NEP में UG के नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (C-Grade) (न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक) व न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी। अतः परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जॉच कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।**
3. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर **स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व** ABC ID दर्ज करें, गलत सूचना दर्ज की जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
4. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** पर उपलब्ध हैं। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ "अ, ब" देखें। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हैण्डबुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देशों का अवलोकन करें।
5. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने के पश्चात् 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify की जॉच करने पर यदि Payment Not Success होता है (भुगतान नहीं होता है) तब पुनः (दुबारा) भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। निर्धारित समयावधि से पूर्व अतिरिक्त भुगतान की जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।**
6. यदि Payment Success के उपरान्त भी यदि आवेदक जानबूझकर एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी, तथा विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।
7. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षा आवेदन पत्र तथा नामांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में, संबंधित महाविद्यालय/विभाग में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा।** परीक्षार्थियों द्वारा **डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र को स्वीकार नहीं होगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा सह नामांकन आवेदन पत्र जमा करायें। **महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे।**
8. संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी स्पष्टतया नोट करे कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं को एक बार ही नामांकन संख्या आवंटित की जाती है, भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में आवंटित की गयी नामांकन संख्या पूर्ववत (Same as already allotted) रहेगी।
9. स्नातक (कला/विज्ञान) परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। **अतः प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।**
10. परीक्षार्थी एक समय में केवल एक ही पूर्ण सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।
11. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531, 9251198577** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

27.10.26

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा/2026/4172-92 दिनांक: 27/10/26

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन एवं नामांकन आवेदन पत्रों की अलग–अलग प्रति/हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विशेष रूप से राजस्थान बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र नामांकन पत्र के साथ संलग्न हैं एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें। (विश्वविद्यालय पत्र क्रमांकः परीक्षा 6–अ/2026/3358–3361 दिनांक 24.10.2026 का अवलोकन करें)**

   (ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर) हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

   (स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या–1(अ) की पूर्ण पालना नहीं करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती होगी।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि सत्र 2026–27 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध सीटों सहित संबंधित कम्प्यूटर फर्म को भिजवाने का श्रम करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (दैनिक भास्कर एवं दैनिक नवज्योति) में समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी/विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
7. निजी सचिव– कुलगुरू/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक –द्वितीय/सेलर– I, II/परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार स्नातक प्रथम नियमित, प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के स्वयंपाठी परीक्षार्थी परीक्षा–2026–27 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश

1. सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी अधिसूचना (Notification) नम्बर 38 का अवलोकन कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
2. **स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्र/छात्राओं का नामांकन/पंजीकरण कार्यालय आदेश क्रमांकः परीक्षा 6–अ/2026/3358–3361 दिनांक 24.10.2026 के अनुसार किया जावेगा व छात्र को आवंटित रजिस्ट्रेशन नम्बर के आधार पर परीक्षा फॉर्म भरा जावेगा।**
3. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। नियमित छात्रों को पाठ्यक्रम के सेमेस्टर अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में सी–ग्रेड (40 प्रतिशत) अंक भी प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।
4. सम्बन्धित प्राचार्य अपने स्तर पर 40 प्रतिशत अंक व 75 प्रतिशत उपस्थिति के सुनिश्चित होने के उपरान्त ही सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें। यदि किसी विद्यार्थी के अग्रेषित परीक्षा आवेदन पत्र में उपरोक्त त्रुटि पाये जाने पर महाविद्यालय पर नियमानुसार कार्यवाही कर पेनल्टी लगायी जा सकती है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः छात्र निर्धारित स्थान पर **स्वयं का मोबाईल नम्बर,** ABC ID व आधार कार्ड नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
6. सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.univraj.org पर अपनी ABC ID के द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन करते हुये संबंधित कक्षा की श्रेणी यथा नियमित/स्वयंपाठी का चयन कर अध्ययन किये गये विषयों का चयन करते हुये परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
7. परीक्षा आवेदन पत्र, समय सारिणी तथा परीक्षा आयोजन संबंधी अन्य जानकारियों हेतु वेबसाईट **www.uniraj.ac.in and www.univraj.org** का निरंतर अवलोकन करते रहें।
8. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क के भुगतान होने की सूचना मिलने पर भुगतान का अपडेट सुनिश्चित किये जाने पर (Payment Verify) ही पुनः भुगतान 12 घंटे पश्चात् ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापिस (Refund) नहीं होगा।**
9. परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानीपूर्वक भरें। परीक्षा फॉर्म व नामांकन/योग्यता फॉर्म (परीक्षार्थी के राजस्थान विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित नहीं होने की स्थिति में) की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ आगामी **दो कार्य दिवसों में, परीक्षा फॉर्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं हो होगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फॉर्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।
10. **संबंधित महाविद्यालय परीक्षा सह नामांकन पत्रों के साथ एक शपथ पत्र (प्रारूप संलग्न) प्रस्तुत करेगा जिसके अन्तर्गत यह स्पष्टतया उल्लेख किया जायेगा कि महाविद्यालय द्वारा कुल प्रवेशित छात्र/छात्रायें तथा परीक्षा फार्मो की संख्या महाविद्यालय को आवंटित सीटो से अधिक नहीं है तथा विद्यार्थी द्वारा परीक्षा फॉर्म में भरे गये विषयों का मिलान महाविद्यालय को आवंटित विषयों तथा विद्यार्थियों को प्रदान किये गये विषय संयोजन (Subject Combinations) से मिलान कर लिया है तथा सभी विद्यार्थियों न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के साथ मिडटर्म परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिये है। इन तथ्यों का स्पष्टतया सत्यापन करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन फॉर्म विश्वविद्यालय को नियत तिथि तक अग्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।**
11. स्नातक (कला/विज्ञान) विषय की परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः निर्धारित **प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाईट www.uniraj.ac.in and www.univraj.org पर कराना** होगा। तत्पश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
12. फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फॉर्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। **इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी।** निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड (एटीएम)/क्रेडिट कार्ड से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म व नामांकन/योग्यता फॉर्म (परीक्षार्थी के राजस्थान विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित नहीं होने की स्थिति में) की हार्ड कॉपी का प्रिंट निश्चित रूप से प्राप्त करें। **परीक्षार्थी ध्यान रखें की परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं हो या आपके विवरण से मिलान नहीं हो तो पूर्व में भरे गये फॉर्म को निरस्त मानते हुये पुनः नया परीक्षा फॉर्म भरें तथा परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढें।**

13. परीक्षा फॉर्म भरने वाले छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवदेन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड़ करें। **परीक्षार्थी अपना नाम, पिता व माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंकतालिकाओं के अनुसार ही भरें।**
14. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ अपलोड करना आवश्यक है। परीक्षा शुल्क के अलावा अन्य सभी निर्धारित शुल्क देय होगा।
15. **सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन कर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म में बदलाव संभव नहीं होगा।**
16. नियमित विद्यार्थी अपने नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित विद्यार्थी हैं वहाँ जमा करवायें एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थी नजदीकी महाविद्यालय का चयन कर नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म भरें तथा उसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ चयनित महाविद्यालय में जमा करायें।
17. महाविद्यालयों के नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र का आवंटन विश्वविद्यालय द्वारा यथा समय निर्धारित होगा। परीक्षा केन्द्र की सूचना परीक्षार्थियों के परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध होगी।
18. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में **परीक्षा/नामांकन फॉर्म की हार्ड कॉपी** संबंधित महाविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा उन्हे परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।
19. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जाऐगें।
20. राजस्थान बोर्ड/राजस्थान विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी नामांकन फार्मो की हार्ड कॉपी के साथ मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिकाऐं साथ संलग्न करें।
21. **महाविद्यालयों द्वारा लोगिन आई.डी. का निर्माण, फॉर्म चैकिंग, नामांकन व परीक्षा फार्मो की कक्षावार/संकायवार सूची आदि से संबंधित आवश्यक निर्देशों यथा महाविद्यालय लोगिन आई.डी./ई.मेल आई.डी.** का वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** एवं www.univraj.org पर अवलोकन करें।
22. परीक्षा एवं नामांकन फॉर्म का संबंधित महाविद्यालय द्वारा पोर्टल पर सत्यापन (Verified) करके उनकी सूची का प्रिंट पोर्टल से लेकर उस सूची में अंकित क्रमानुसार प्रत्येक परीक्षा सह नामांकन फॉर्म पर अंकित कर उन्हे कक्षावार व्यवस्थित कर परीक्षा एवं नामांकन फार्मो को मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिकाओं के साथ सूची सहित विश्वविद्यालय में नामांकन शाखा (कमरा नं. 118) एवं संचालन शाखाओं में आवश्यक रूप से जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। **उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त परीक्षा सह नामांकन फॉर्मो पर नियमानुसार विलम्ब शुल्क के साथ जमा किया जावेगा।**
23. परीक्षा आवेदन एवं नामांकन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।
24. कार्यालय आदेश क्रमांकः Exam. IV-A/V-A, B/2026/693 dated 16.04.2026 के अनुसार (NEP-2020) सेमेस्टर परीक्षा–2026–27 हेतु परीक्षा शुल्क निम्नानुसार हैः–

Examination Fees Schedule

S.No.	Class	Fees prescribed	PH Candidates Fees
1	Regular Students (Sem. I & III)	1940/- each semester	520/- each semester
2	Regular Students (Sem. V)	2810/- each semester	520/- each semester
3	Non-Collegiate Students (Sem. I & II)	6730/- for both Semesters	3070/- for both Semesters
4	Non-Collegiate Students (Sem. III & IV)	6730/- for both Semesters	3070/- for both Semesters
5	Non-Collegiate Students (Sem. V & VI)	6730/- for both Semesters	3070/- for both Semesters
6	Due Paper Semester wise	960/-	870/-

Note:- In addition to above fee schedule following fees shall also be charged:-

1- Practical Fee @ Rs. 230/- per paper for Regular and Non-Collegiate category students.
2- Enrollment Fee Rs. 450/- from Rajasthan Board Students and Rs. 900/- from other than Rajasthan Board Students.
3- Practical Training Fees of Rs. 1500/- per subject (for both semesters) shall be charged from Non-Collegiate Students belong to Science Faculty, whereas Rs. 1000/- per paper (for both semesters) shall be charged from the same category students belong to other than Science faculty.

परिशिष्ठ–अ

स्वयंपाठी परीक्षा–2027 के परीक्षार्थियों/महाविद्यालयों हेतु
प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण सम्बन्धी दिशा–निर्देश

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्नातक (कला/विज्ञान), एडिशनल एवं स्नातकोत्तर (भूगोल) परीक्षा–2027 के लिये जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि प्रत्येक छात्र को चयनित प्रायोगिक विषय में प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है, प्रशिक्षण नहीं लेने वाले छात्रों को परीक्षा–2027 की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

सभी स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रायोगिक प्रशिक्षण–2027 हेतु निम्नलिखित महाविद्यालयों को प्रशिक्षण केन्द्र निर्धारित किया जाता है:–

District - Jaipur

S.No.	Coll. Code	College Name	UG Arts Practical Subject	UG Science Practical Subject
1	347	Atma Ram College, Bassi (Jaipur)	Geography	Geography
2	356	Govt. Girls College, Chomu (Jaipur) (Only for Girls)	Geography, Psychology, Maths, Home Science	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography, Pshychology
3	361	Baba Gangadas Govt. Girls College, Shahpura (JPR) (Only for Girls)	Geography, Psychology, Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography, Pshychology
4	366	Govt. College Sambhar Lake (Jaipur)	Geography, Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
5	371	L.B.S. Govt. College Kotputli (Jaipur)	Geography, Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
6	372	Rajputana P.G. College, Dabala Road, Kotputli (Jaipur)	Geography	Geography
7	373	Hans College, Kotputli (Jaipur)	Geography	Geography
8	374	Smt. Panna Devi Morijawala Govt. College, Kotputli (Jaipur)	Home Science	-
9	376	Govt. Arts College Chimanpura(Shahpura) Jaipur	Geography	Geography
10	378	Seth R.L. Saharia Govt. P.G. College, Kaladera (Jaipur)	Geography, Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
11	379	University Maharani's College, Jaipur	Geography, Psychology, Statistics, Maths, Indian Music	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Psychology, Statistics, Geography
12	385	Sri Satya Sai College for Women, Jaipur (Only for Girls)	Home Science Indian Music, Geography	--
13	394	Kanoria Mahila Mahavidhyalaya, Jaipur (Only for Girls)	Geography, Psychology, Home Science, Statistics, Indian Music	Zoology, Botany, Geography, Chemistry, Statistics
14	400	Shri Bhawani Niketan Mahila Mahavidhyalaya, Jaipur (Only for Girls)	Home Science, Geography, Indian Music, Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Psychology, Geography
15	403	Alankar Mahila Mahavidhyalaya, Jaipur	Geography, Home Science, Statistics, Psychology	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Psychology, Statistics, Geography,
16	409	Dr. B.R. Ambedkar College, Mahesh Nagar, Jaipur	Geography	Geography
17	414	Vedic P.G. College, Mansarovar, Jaipur	Music, Geography & Home Science	--
18	422	J.D. P.G. College, Jagatpura, Jaipur	Geography	Geography
19	424	Maharaja's College, Jaipur	--	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Psychology, Statistics, Geography, Geology (Boys & Girls)
20	426	Sh. Bahawani Niketan College for Boys, Jaipur	Geography, Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
21	446	Rajasthan College, Jaipur	Geography, Psychology, Statistics, Maths, Indian Music	--
22	448	L.B.S. College, Tilak Nagar, Jaipur	Maths, Geography	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
23	459	S.S. Jain Subodh College, Rambagh Circle, Jaipur	Maths, Geography	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
24	832	Aryan Mahavidyalaya, Ghatwali, Jamuwa Ramgarh, Jaipur	Geography	Geography
25	921	Vinayak PG College, Bagru, Jaipur	Geography	Geography
26	1014	Vinayak College, Renwal Manji, Jaipur	Geography	Geography
27	1148	Baba Bhagwan Das Govt College, Chimanpura (Shahpura) Jaipur	Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
28	1152	B.R. Mahavidhlaya, Shahpura Road, Ward No. 1, Neem Ka Thana, Shahpura, Jaipur	Geography	Geography
29	1208	Govt. College, Chaksu (Jaipur)	Geography	Geography
30	1218	Bharat College, Hanuman Nagar-II, Annand Lock Road, Jaipur	Geography	Geography
31	1278	Govt. College, Kishangarh-Renwal, Jaipur	Geography	Geography

District – Dausa

S.No.	Coll. Code	College Name	UG Arts Practical Subject	UG Science Practical Subject
1	322	Late Pandit Nawal Kishore Sharma Govt. Science & Commerce College, Dausa	Maths, Geography	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
2	332	Shri Sant Sundar Das Govt. Girls College Guteshwar Road, Dausa (Only for Girls)	Maths Home Science	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
3	327	Rajesh Pilot Govt. College, Lalsot (Dausa)	Geography	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
4	335	Rajesh Pilot Govt. College, Bandikui (Dausa)	Geography, Maths	Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany, Geography
5	341	Vinayak College, Mahuwa (Dausa)	Geography	Geography
6	1028	Govt. Girls College, Lalsot (Only for Girls)	Geography	Geography
7	1128	Govt. College, Mahuwa (Dausa)	Geography	Geography
8	1181	R.S. College of Education, Ramgarh Pachwara, Dausa	Geography	Geography
9	1214	Gyandeep College, Mahuwa (Dausa)	Geography	Geography

M.A./M.Sc. Geography

S.No.	Coll. Code	College Name
1	322	Late Pandit Nawal Kishore Sharma Govt. Science & Commerce College, Dausa
2	366	Govt. College Sambhar Lake (Jaipur)
3	371	L.B.S. Govt. College Kotputli (Jaipur)
4	376	Govt. Arts College Chimanpura(Shahpura) Jaipur
5	378	Seth R.L. Saharia Govt. P.G. College, Kaladera (Jaipur)
6	448	L.B.S. College, Tilak Nagar, Jaipur
7	488	University Department of Geography, Jaipur

1. प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु परीक्षार्थियों को अपनी सुविधानुसार संबंधित महाविद्यालयों/विभाग में से किसी एक में (जहां पर उनके विषय उपलब्ध हों) जानकारी प्राप्त कर निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क वेबसाइट www.univraj.org पर ऑनलाइन जमा कराना होगा तथा सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग में प्रशिक्षण शुल्क की हॉर्डकॉपी प्रस्तुत कर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
2. **प्रशिक्षण शुल्कः**– प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण लेने वाले स्नातक विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी द्वारा प्रति विषय रूपये 1500/– कला संकाय के परीक्षार्थी प्रति विषय रूपये 1000/– एवं स्नातकोत्तर भूगोल विषय के लिए रूपये 2000/– प्रशिक्षण शुल्क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करवाना होगा। प्रशिक्षण शुल्क सावधानीपूर्वक जमा करवायें। प्रशिक्षण नहीं लेने अथवा प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने जैसी स्थिति मे प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा। **परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ऑनलाईन जमा प्रशिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का शुल्क महाविद्यालयों को किसी भी स्थिति में नहीं दें।**
3. शुल्क जमा करावाने के पश्चात् प्रशिक्षण फॉर्म का प्रिंट लेकर चयनित महाविद्यालय में जमा करवाना होगा। अन्यथा प्रशिक्षण में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। चयनित महाविद्यालय जहाँ पर हार्ड कॉपी जमा करवायी है। **प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की निश्चित तिथि हेतु परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय/विभाग से सम्पर्क करें।**
4. संबंधित प्रशिक्षण केन्द्रों (महाविद्यालयों) को यह भी निर्देशित किया जाता है कि:–
5. (I) प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त प्रशिक्षण प्रमाण पत्र महाविद्यालयों को उनके पोर्टल से ऑनलाईन डाउनलोड कर प्राचार्य के हस्ताक्षर एवं सील सहित प्रशिक्षार्थियों को देना होगा। यह प्रमाण पत्र प्रायोगिक विषयों की परीक्षा के लिये निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों द्वारा जमा करवाने होगें, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के अभाव में परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। संबंधित केन्द्राधीक्षक बिना प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं करें, अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन जारी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की फोटो प्रति परीक्षार्थी अपने रिकार्ड के लिए सुरक्षित रखें।

   (II) महाविद्यालय द्वारा जिन परीक्षार्थियों को ऑनलाईन प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं उनकी कक्षावार/संकायवार सूची शुल्क सहित प्रशिक्षण समाप्ति के 7 दिवस में परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित/जमा करवानी है, ताकि उनको देय हिस्सा राशि दिये जाने की कार्यवाही की जा सके।

   (III) परीक्षार्थियों द्वारा कुल जमा प्रशिक्षण शुल्क राशि में से नियमानुसार विश्वविद्यालय हिस्सा राशि काटकर प्रशिक्षण शुल्क का 60 प्रतिशत संघटक (Constitutent) महाविद्यालयों एवं भूगोल विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर तथा 80 प्रतिशत राशि राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा उनके खाते में जमा करवाया जायेगा। अतः बिन्दु (II) के अनुसार प्रेषित सूची के साथ महाविद्यालयों को प्राचार्य के खाते का बैंक विवरण (खाता धारक का नाम, खाता संख्या, बैंक का नाम, ब्रांच एवं आई.एफ.एस.सी. कोड़) प्रस्तुत करना है
6. **परीक्षार्थियों की अधिकतम सीमाः**– प्रत्येक महाविद्यालय में प्रति कक्षा/विषय/संकायवार अधिकतम 500 परीक्षार्थियों का ही पंजीकरण होगा। इसके पश्चात् उक्त कक्षा/विषय में पंजीकरण नहीं होगा।
7. प्रशिक्षण लेने वाले परीक्षार्थी केवल ऑनलाइन जारी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर ही प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे, अपितु उनकी योग्यता संबंधी जॉच विश्वविद्यालय स्तर पर करने के पश्चात् ही प्रायोगिक परीक्षा हेतु योग्य हो सकेंगे। प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र की सूची प्रायोगिक परीक्षा प्रवेश पत्र पर यथा समय पृथक से सूचित की जायेगी।
8. प्रशिक्षणार्थियों की कक्षा/संकायवार सूची महाविद्यालय पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड़ होगी।
9. प्रायोगिक प्रशिक्षण आवेदन पत्र के संबंध में यदि कोई समस्या हो तो परीक्षार्थी/महाविद्यालय हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **7304914963** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

27.10.26

परीक्षा नियंत्रक

परिशिष्ठ–ब

संबंधित परीक्षार्थियों एवं महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि:–

1. स्वयंपाठी परीक्षार्थी कक्षा एवं संकायवार निम्न सूची में से सिटी एवं नजदीकी महाविद्यालय का चयन कर ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरकर उसी महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करवायें।
2. दौसा एवं जयपुर जिले के नियमित/पूर्व परीक्षार्थी उसी महाविद्यालय से परीक्षा फॉर्म भरेगें जहॉ के वे नियमित परीक्षार्थी हैं।

नोटः परीक्षा केन्द्र का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा बाद में निर्धारित होगा। किसी सिटी में स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर नजदीकी सिटी/एरिया के उपलब्ध महाविद्यालयों में परीक्षा केन्द्र आवंटित होगा जिसकी सूचना परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित होगी।

CITY WISE LIST OF COLLEGES FOR EXAM. 2027

UG SEMESTER ARTS NON-COLLEGIATE FOR DAUSA AND JAIPUR DISTRICT

Distirct- Dausa

City/Area Code	CITY/ AREA	College Code	College Name	Class	Remark
9101	Dausa	322	Pt. Nawal Kishore Sharma Govt. College, Dausa	B.A./B.Sc./B.Com	Boys
9101	Dausa	332	Sri Sant Sundardas Govt. Girls College, Dausa	B.A./B.Sc./B.Com	Girls
9102	Mahuwa	341	Vinayak College, Mahuwa (Dausa)	B.A./B.Sc./B.Com	Girls/Boys
9102	Mahuwa	1128	Govt. College, Mahuwa (Dausa)	B.A./B.Sc.	Girls/Boys
9102	Mahuwa	1214	Gyandeep College, Mahuwa (Dausa)	B.A./B.Sc./B.Com	Girls/Boys
9104	Lalsot	327	Rajesh Pilot Govt. College, Lalsot (Dausa)	B.A./B.Sc./B.Com	Girls/Boys
9104	Lalsot	1181	R.S. College of Education, Ramgarh Pachwara, Dausa	B.A./B.Sc./B.Com	Girls/Boys
9105	Bandikui	335	Rajesh Pilot Govt. College, Bandikui (Dausa)	B.A./B.Sc./B.Com	Girls/Boys
			District -Jaipur (Rural)		
9203	Sambhar Lake	366	Govt. College Sambhar Lake (Jaipur)	B.A./B.Sc./B.Com	Boys/Girls
9208	Kotputli	371	L.B.S. Govt. College, Kotputli (Jaipur)	B.A./B.Sc./B.Com	Boys
9208	Kotputli	372	Rajputana P.G. College, Dabala Road, Kotputli (Jaipur)	B.A./B.Sc./B.Com	Boys
9208	Kotputli	373	Hans College, Kotputli (Jaipur)	B.A./B.Sc./B.Com	Boys
9208	Kotputli	374	Smt. Panna Devi Morijawala Govt. College, Kotputli (Jaipur)	B.A./B.Sc./B.Com	Girls
9209	Shahpura	376	Govt. Arts College Chimanpura (Shahpura) Jaipur	B.A.	Boys
9209	Shahpura	361	Baba Gangadas Govt. Girls College, Shahpura (Jaipur)	B.A.	Girls
9209	Shahpura	1148	Baba Bhagwan Das Govt College, Chimanpura (Shahpura) Jaipur	B.Sc./B.Com.	Boys/Girls
9209	Shahpura	1152	B.R. Mahavidhlaya, Shahpura Road, Ward No. 1, Neem Ka Thana, Shahpura, Japur	B.A./B.Sc./B.Com	Boys
9210	Chomu	378	S.R.L.S. Govt. College, Kaladera (Jaipur)	B.A./B.Sc./B.Com	Boys/Girls
9210	Chomu	356	Govt. Girls College, Chomu (Jaipur)	B.A./B.Sc./B.Com	Girls
9219	Chaksu	1208	Govt. College, Chaksu	B.A.	Boys/Girls
9220	Dudu	1186	Govt. College, Dudu	B.A.	Boys /Girls
9221	Jamwa Ramgarh	783	G.D. College, Jamwaramgarh	B.A.	Boys /Girls
9221	Jamwa Ramgarh	832	Aryan Mahavidyalaya, Ghatwali, Jamuwa Ramgarh, Jaipur	B.A.	Boys /Girls
9221	Jamwa Ramgarh	1041	Maharaja Surajmal Mahavidyalaya, Azabpura, Ghatwari, Jaipur	B.A.	Boys /Girls
9221	Jamwa Ramgarh	1207	Govt. College, Jamwaramgarh	B.A.	Boys /Girls
9222	Bagru	921	Vinayak PG College, Bagru, Jaipur	B.A.	Boys /Girls
9223	Kishangarh Renwal	1278	Govt. College, Kishangarh-Renwal, Jaipur	B.A./B.Sc./B.Com	Boys/Girls
9224	Virat Nagar	924	Navrang Mahavidyalaya, Maid Virat Nagar, Jaipur	B.A.	Boys /Girls
			District -Jaipur (Urban)		
9212	Agra Road	382	Gyandeep Mahavidhyalaya, Luniyawas, Goner Road, Jaipur	B.A.	Boys
9212	Agra Road	829	Shree Maharaja Vinayak College, Meena Paldi, Agra Road, Jaipur	B.A.	Boys
9212	Agra Road	431	Agarwal College, Jaipur	B.A./B.Sc.	Boys
9213	Sanganer	422	J.D.P.G. College, Jagatpura, Jaipur	B.A.	Boys
9213	Sanganer	847	Maheshwari College of Commerce and Arts Mahila Mahavidyalaya, S-5, Pratap Nagar, Jaipur	B.A.	Boys
9213	Sanganer	439	DCS P.G. College, Raghunathpura (Ratalya), Diggi Road, Sanganer, Jaipur	B.A.	Boys
9213	Sanganer	421	S.S. Jain Subodh Girls College, Sanganer (Jaipur)	B.A./B.Com.	Girls
9213	Sanganer	1014	Vinayak College, Renwal Manji, Jaipur	B.A.	Girls/Boys

9214	Mansarover	449	Podar International College, Mansarovar, Jaipur	B.A.	Boys
9214	Mansarover	413	Akashdeep Mahila Mahaividhayalaya, Mansarover, Jaipur	B.A./B.Com.	Girls
9214	Mansarover	414	Vedic Balika Mahavidhalaya, Mansarover, Jaipur	B.A.	Girls
9214	Mansarover	742	St. Wilfred's College for Girls, Mansarovar, Jaipur	B.A.	Girls
9214	Mansarover	433	Stani Memorial College, Mansarovar, Jaipur	B.A./B.Com.	Boys
9214	Mansarover	435	St. Wilfred's College, Mansarover, Jaipur.	B.A./B.Com.	Boys
9215	Jhotwara	389	Tagore P.G. Girls College, Vaishali Nagar, Jaipur	B.A.	Girls
9215	Jhotwara	400	Shri Bhawani Niketan Mahila Mahavidhyalaya, Jaipur	B.A.	Girls
9215	Jhotwara	426	Sh. Bahawani Niketan College for Boys, Jaipur	B.A.	Boys
9215	Jhotwara	679	Rajasthan Girls College, Keshav Nagar, Murlipura, Jaipur	B.A.	Boys
9215	Jhotwara	403	Alankar Mahila Mahavidhyalaya, Jaipur	B.A.	Boys
9215	Jhotwara	418	Rawat Mahila Mahavidhyalaya, Karnivihar, Ajmer Road, Jaipur	B.A./B.Com.	Girls
9215	Jhotwara	464	Vivek Mahavidhalaya, Kalwar, Jaipur	B.A.	Boys
9215	Jhotwara	678	New Adarsh College, Jhotwara, Jaipur	B.A.	Boys
9215	Jhotwara	1218	Bharat College, Hanuman Nagar-II, Annand Lock Road, Jaipur	B.A.	Boys
9216	Shastri Nagar	388	Sant Jaya Charya Girls College, Shastri Nagar, Jaipur	B.A.	Girls
9216	Shastri Nagar	392	Shri Khandelwal Vaish Girls College, Jaipur	B.A.	Girls
9216	Shastri Nagar	395	S.S.G. Pareek Girls College, Jaipur	B.A.	Girls
9216	Shastri Nagar	423	Biyani Girls College, Jaipur	B.A.	Girls
9216	Shastri Nagar	427	Sh. Khandelwal Vaish College, Shastri Nagar, Jaipur	B.A.	Boys
9216	Shastri Nagar	450	S.S.G. Pareek College, Jaipur	B.A.	Boys
9217	Rajapark	385	Sri Satya Sai College for Women, Jaipur	B.A.	Girls
9217	Rajapark	448	L.B.S. College, Jaipur	B.A.	Boys
9217	Rajapark	399	Vedic Kanya Mahavidhyalaya, Rajapark, Jaipur	B.A.	Girls
9218	Tonk Road	379	University Maharani's College, Jaipur	B.A.	Girls
9218	Tonk Road	394	Kanoria Mahila Mahavidhyalaya, Jaipur	B.A.	Girls
9218	Tonk Road	872	Mahaveer College of Commerce, Mahaveer Marg, C-Scheme, Jaipur	B.A.	Girls
9218	Tonk Road	409	Dr. B.R. Ambedkar PG College, Mahesh Nagar, Jaipur	B.A.	Boys
9218	Tonk Road	424	University Maharaja's College, Jaipur	B.A./B.Sc	Boys
9218	Tonk Road	446	University Rajastan College, Jaipur	B.A./B.Com.	Boys
9218	Tonk Road	459	S.S. Jain Subodh College, Rambagh, Jaipur	B.A./B.Com.	Boys
9218	Tonk Road	458	University Commerce College, Jaipur	B.A.	Boys
9218	Tonk Road	419	S.S. Jain Subodh Girls College, Rambagh, Jaipur	B.A.	Girls
9218	Tonk Road	489	P.G. School of Humanities, Commerce, Jaipur	B.A.	Girls/Boys
9218	Tonk Road	482	University P.G. School of Social Sciences, Rajasthan University Campus, Jaipur	B.A.	Girls/Boys

27.10.26

Controller of Examination